कार्यालय, नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय,अम्बेडकरनगर।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीलामी वर्ष 2020–21 हेतु न्यायालय परिसर में स्थित दुकानों, **कैन्टीन अर्थात् जलपान–गृह–1 नीबू चाय शॉप–1, फोटो स्टेट शॉप नं0–1, 2 व 3, तथा फोटोग्राफी शॅाप नं0–1 व 2, की नीलामी, दिनांक** 10.06. **2020 दिन बुधवार को हो चुकी है। परन्तु फोटोस्टेट शॉप नं0–4, फल जूस–शॉप–1, लाई––चना (भूजा) शॉप–1, लेखन–सामग्री शॉप–1, एवं पी0 सी0ओ0शॉप–1** की नीलामी पुनः की **जानी है।**

ऐसे में न्यायालय परिसर में स्थित शेष दुकानों, **फोटोस्टेट शॉप नं0–4, फल जूस–शॉप–1, लाई–चना(भूजा) शॉप–1, लेखन–सामग्री शॉप–1, एवं पी0 सी0ओ0शॉप–1** की **नीलामी हेतु सीलबन्द निविदा दिनांक 24.08.2020 दिन सोमवार को सायं 04.00 बजे तक आमंत्रित की** जाती है। इच्छुक संस्था/व्यक्ति **सीलबन्द निविदा,** केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर में **दिनांक 24.08.2020 तक सायं 04 बजे** तक प्राप्त करा सकते हैं अथवा रजिस्टर्ड डाक से भेज सकते हैं। उक्त प्राप्त **निविदाएं दिनांक 25.08.2020 को समय सांय 04:30 बजे** निविदा दाताओं की उपस्थिति में जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर के सभागार कक्ष में प्रथम अपर जिला जज,/अध्यक्ष, नीलामी समिति, की अध्यक्षता में खोली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति परिचय पत्र के रूप में वोटर कार्ड अथवा आधार कार्ड की प्रति जमा करेंगे। उक्त वर्णित नीलामी के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नजारत, अनुभाग से, किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी सूचना माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर की वेव साइट पर अपलोड कराया जाय।

दिनांकः 31.07.2020

अध्यक्ष नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कृते जनपद न्यायाधीश,
अम्बेडकरनगर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. कार्यालय जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
02. कार्यालय जिला विकास अधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
03. कार्यालय अध्यक्ष जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर।
04. तहसील अकबरपुर, रेलवे स्टेशन, नगर पालिका, अकबरपुर के नोटिस बोर्ड पर।
05. न्यायालय भवन के मुख्य नोटिस बोर्ड पर।
06. स्थानीय समाचार पत्र तरूण मित्र में प्रकाशन किये जाने हेतु
07. सिस्टम आफीसर, कम्प्यूटर अनुभाग

31/07/2020

अध्यक्ष नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कृते जनपद न्यायाधीश,
अम्बेडकरनगर।